दिनांकः 27.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे।
- राजस्थान उच्च न्यायालय को आज तीन नए न्यायाधीश मिलेंगे। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे।
- जयपुर की संभाग स्तरीय बजट पूर्व परामर्श कार्यशाला का आज से आयोजन।
- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट–यूजी 2025 के परीक्षा पैटर्न में बदलाव किया।

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। राजधानी के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली की इस वर्ष की थीम ''युवा शक्ति, विकसित भारत'' रखी गई है। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता दर्शायी जाएगी। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट की भी भागीदारी होगी। इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबद्ध साढे छह सौ से अधिक स्वयं सेवक भी रैली में विशेष अतिथियों के रूप में शामिल होंगे।

..............

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों के सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री चौहान ने नई दिल्ली में 76वें गणतंत्र दिवस पर विशेष रूप से आमंत्रित किसानों से बातचीत की और आधुनिक कृषि तकनीकों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

..............

राजस्थान उच्च न्यायालय को आज तीन नए न्यायाधीश मिलेंगे। मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव नवनियुक्त न्यायाधीश प्रमिल कुमार माथुर, चंद्रशेखर शर्मा और चंद्रप्रकाश श्रीमाली को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। इसके बाद राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 33 हो जाएगी।

..............

खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नए नाम जुड़वाने के लिए पोर्टल पर आवेदन की शुरूआत हो गई है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वंचित पात्र लोग अपना नाम योजना में ऑनलाइन जुड़वा सकेंगे। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति और परिवार खुद या ईमित्र के जरिए आवेदन कर सकते हैं। भरतपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि योजना के तहत नाम जुड़वाने के लिए लोगों में उत्साह नजर आ रहा है।

...............

खाद्य सुरक्षा योजना के लिए अपात्र लोग 31 जनवरी तक अपने नाम हटवा सकते हैं। नाम नहीं हटवाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए सरकार ने तीन दिसम्बर से गिव अप अभियान चला रखा है। जयपुर जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर में अब तक 15 हजार से अधिक अपात्र लोगों ने सूची से नाम हटवाये हैं। इसके लिए आवेदन पत्र उचित मूल्य की दुकानों से प्राप्त किये जा सकते हैं।

..............

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ आज जोधपुर दौरे पर रहेंगे। श्री राठौड़ जिले के दोहपत में होने वाले पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे स्थानीय नेताओं के साथ बैठक करेंगे। श्री राठौड़ संगठन पर्व 2024 के तहत लघु उद्योग भारती संगठन कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष संगठन विस्तार, केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रचार के साथ ही विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

..............

जयपुर जिला कलेक्ट्रेट में आज से संभाग स्तरीय बजट पूर्व परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उपमहानिरीक्षक पंजीयन डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने बताया कि तीन दिन तक चलने वाली इस कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ और हितधारक संवाद करेंगे और अपने सुझाव देंगे। कार्यशाला में रोजाना दो सत्र होंगे। इनमें विभिन्न क्षेत्रों और विषयों पर चर्चा की जाएगी। आज उद्घाटन सत्र में कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि, उद्योग और सेवा क्षेत्र के हितधारक, कर सलाहकार और व्यवसायी चर्चा करेंगे। वहीं, कल होने वाले सत्रों में जनजातीय क्षेत्र विकास, किसान और पशुपालन क्षेत्र के हितधारक, चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधि बजट पूर्व संवाद करेंगे। 29 जनवरी को महिला प्रतिनिधि, मेघावी छात्र, युवा खिलाड़ी, गैर सरकारी संगठनों, सिविल सोसायटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधि बजट पूर्व संवाद में अपनी राय रखेंगे।

..............

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करेंगी। इसके लिए विभिन्न मुद्दों पर समाज के संगठनों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। इस कड़ी में जयपुर से पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. सुनील पूनिया ने कहा है कि जिस तरह सरकार शिक्षा और चिकित्सा जैसे क्षेत्रों पर हर साल बजट में बढोतरी करती है। उसी तरह पर्यावरण के क्षेत्र में भी समय–समय पर बजट की समीक्षा कर उसमें बढोतरी की जानी चाहिए।

................

उत्तर–पश्चिम रेलवे पर यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के मद्देनजर यात्रियों की स्वास्थ्य जांच के लिए स्टेशनों पर ऑटोमैटिक हेल्थ चेकअप स्मार्ट कियोस्क स्थापित किए जा रहें हैं। इसके तहत जोधपुर रेलवे स्टेशन पर इन कियोस्क के माध्यम से यात्रियों को उनका एडवांस पर्सनल वेलनेस डेटा हाथों–हाथ मिल रहा है।

..............

पर्यटन की दृष्टि से जैसलमेर के स्थापत्य को संवारने के लिए सोनार प्रोजेक्ट की योजना बनाई गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत 50 करोड़ रुपये की लागत से कई विकास कार्य करवाए जाएंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..............

..............

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट–यूजी 2025 के परीक्षा पैटर्न में बदलाव किया है। बदले हुए पैटर्न के अनुसार अब 200 की जगह 180 प्रश्न ही होंगे। इसके साथ ही अब पेपर दो भागों में नहीं बल्कि एक ही प्रश्न पत्र आएगा। इसमें सभी प्रश्न करने अनिवार्य होंगे। फिजिक्स, केमिस्ट्री, बॉटनी और जूलॉजी के 45–45 प्रश्न होंगे। परीक्षा की समय अवधि में भी परिवर्तन करते हुए 20 मिनट का समय घटाया गया है। पहले प्रश्नपत्र तीन घंटा 20 मिनट का रहता था लेकिन अब यह तीन घंटे का ही रहेगा।

..............